शिखर 5

16. इंद्रधनुष के रंग

पाठ का उद्देश्य
प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य बच्चों को इंद्रधनुष के बारे में जानकारी देना है। इसमें अंतरिक्ष में छिपे रहस्यों से अवगत कराया गया है।

पाठ का सारांश
इस पाठ में बारिश के बाद आसमान में दिखाई देने वाले इंद्रधनुष के बारे में बताया गया है। बच्चे मैदान में खेल रहे थे कि उन्हें आसमान में इंद्रधनुष दिखाई दिया। वे सभी इसके बारे में जानने के लिए विज्ञान के अध्यापक के पास जाते हैं। विज्ञान के अध्यापक उन्हें बारिश के बाद बनने वाले इंद्रधनुष के बारे में बताते हैं।

अध्यापन संकेत
पाठ का सस्वर वाचन करें। बच्चों से भी एक-एक अंश का वाचन करवाएँ। उन्हें इंद्रधनुष के बारे में संक्षेप में जानकारी दें। बीच-बीच में उनसे पाठ से संबंधित प्रश्न पूछें।
बच्चों से पूछें एवं समझाएँ–

- ❖ बच्चों से पूछें, क्या उन्होंने कभी इंद्रधनुष देखा है? यदि 'हाँ' तो इसे देखकर उनके मन में क्या विचार आते हैं?
- ❖ उनसे इंद्रधनुष के रंगों का क्रम जानें।
- ❖ पाठ के कठिन शब्दों के अर्थ समझाएँ।
- ❖ बच्चों से इंद्रधनुष पर आधारित कोई कविता याद करने को कहें।

डिजिटल (Digital) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।

सभा का खेल (केवल पढ़ने के लिए)

डिजिटल (Digital) के माध्यम से कविता की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर कविता के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।